हरिभूमि

# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार, 25 अप्रैल 2025

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

तापमान

अधिकतम 38.0 डिग्री

न्यूनतम 24. 0 डिग्री

नल-जल योजना ठप, महिलाएं हैंडपंप से पानी लाने मजबूर

4



छ.ग.-प्री.बी.एड. प्रवेश परीक्षा 2025

ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन अंतिम तिथि

25/04/2025

(संध्या 5 बजे तक)

बी.एम. कॉलेज

गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग

8770638793, 9300850065 9340311314, 9303893829

## कृषि उत्पादन आयुक्त शहला ने ली संभागीय अधिकारियों की मीटिंग

# कृषि प्रधान जिले में हुई संभाग भर के अफसरों की बैठक, रबी फसल की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

कृषि प्रधान जांजगीर चांपा जिले में संभाग भर के अफसरों की बैठक ली गई। इस दौरान रबी फसल की समीक्षा की गई। साथ ही साथ दलहन तिलहन, लघु धान्य फसल सहित अन्य लाभकारी फसल लगाने किसानों को प्रोत्साहित करने पर बल दिया गया। बैठक के दौरान कृषि उत्पादन आयुक्त सहित अन्य जिलों के प्रबंध संचालक कलेक्टर एवं अन्य अफसर भी इस दौरान मौजूद रहे।

गौरतलब है कि गुरूवार 24 अप्रैल को कृषि उत्पादन आयुक्त श्रीमती शहला निगार की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष जांजगीर-चांपा में रबी 2024-25 की समीक्षा एवं खरीफ 2025 का कार्यक्रम निर्धारण की संभागीय बैठक आयोजित की गई। इस दौरान

कृषि उत्पादन आयुक्तने ग्रीष्मकालीन धान का रकबा कम करने एवं दलहन-तिलहन, लघु धान्य फसलों तथा अन्य लाभकारी फसल लेने किसानों को प्रोत्साहित करने कहा खरीफ सीजन में खाद एवं बीज की कमी नहीं होना चाहिए। इसके लिए लगातार साप्ताहिक समीक्षा करें तथा सतत निगरानी करें। साथ ही समय के पहले ही खाद एवं बीज का अग्रिम उठाव करना सुनिश्चित करें। धान के बदले दलहन-तिलहन, मक्का, केला जैसे कम पानी की खपत वाले फसलों को लेने के लिए किसानों को प्रोत्साहित करना है। उन्होंने कहा कि नेशनल मिशन ऑन इडिबल आईल, नेचुरल फार्मिंग जिलो में संचालित है। जैविक कृषि के लिए कृषि विज्ञान केन्द्र के माध्यम से कार्य किया जा रहा है। खरीफ सीजन में डीएपी, नाइट्रोजन, फास्फोरस, पोटेशियम, नैनो युरिया जैसे उर्वरक की आपूर्ति होते रहे। बीज वितरण करने के पहले बीज की गुणवत्ता का परीक्षण अवश्य कराएं। अल्पकालीन ऋण अंतर्गत धान की फसल के साथ ही अन्य फसलों के लिए पर्याप्त ऋण सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि अंतर्गत किसानों को शत-प्रतिशत लाभान्वित कराने का प्रयास करें। बैठक में कृषि उत्पादन आयुक्त श्रीमती शहला निगार ने पशुधन विकास विभाग अंतर्गत कृत्रिम गर्भाधान के माध्यम से पशु नस्ल सुधार, पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत टीकाकरण की गुणवत्ता का आंकलन, केसीसी के अंतर्गत बैंक प्रकरण की स्वीकृति एवं राशि वितरण तथा मत्स्य पालन विभाग, उद्यानिकी विभाग अंतर्गत संबंधित योजना के संबंध में चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बिलासपुर संभाग के सभी जिले के कलेक्टरों ने अपने जिले के खरीफ में किए जा रहे कार्यों के संबंध में जानकारी दी। बैठक में संचालक उद्यानिकी एस जगदीशन, संचालक पशुधन विकास चन्द्रकांत वर्मा, जांजगीर-चांपा कलेक्टर जन्मेजय महोबे, मुंगेली कलेक्टर कुंदन कुमार, कोरबा कलेक्टर अजित बसंत, सक्ती कलेक्टर अमृत विकास तोपनो, सारंगढ़-बिलाईगढ़ कलेक्टर संजय कन्नौजे, गौरेला पेंड्रा मरवाही श्रीमती लीना कमलेश मंडावी जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी गोकुल रावटे, पंजीयक सहकारी संस्थाएं, प्रबंध संचालक मंडी बोर्ड, प्रबंध संचालक मार्कफेड, प्रबंध संचालक बीज प्रमाणीकरण संस्था, संचालक मत्स्य पालन विभाग, क्षेत्रीय प्रबंधक नाबार्ड, प्रमुख अभियंता जल संसाधन विभाग सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



अफसरों की समीक्षा बैठक लेती कृषि उत्पादन आयुक्त।

### पशु नस्ल सुधार और रोग नियंत्रण पर दिए निर्देश

बैठक में कृषि उत्पादन आयुक्त श्रीमती शहला निगार ने पशुधन विकास विभाग अंतर्गत कृत्रिम गर्भाधान के माध्यम से पशु नस्ल सुधार, पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत टीकाकरण की गुणवत्ता का आंकलन, केसीसी के अंतर्गत बैंक प्रकरण की स्वीकृति एवं राशि वितरण तथा मत्स्य पालन विभाग, उद्यानिकी विभाग अंतर्गत संबंधित योजना के संबंध में चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# असामाजिक तत्वों ने ठेलों में लगाई आग, 3 लाख का सामान जलकर खाक

## चांपा शहर के स्टेशन रोड की घटना , मुआवजे की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

असामाजिक तत्वों ने तीन ठेलों में आग लगा दी। जिसके चलते दुकान संचालकों को 3 लाख का नुकसान पहुंचा है। इस घटना को लेकर उन्होंने प्रशासन से मुआवजे की मांग की है। मामला चांपा शहर के स्टेशन रोड का है।

इस संबंध में चांपा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार घटना बुधवार 23 अप्रैल की रात की है। बरपाली स्कूल के पास लगे तीन ठेलों को किसी अज्ञात असामाजिक तत्वों ने आग के हवाले कर दिया। जिससे दुकान संचालकों को करीब 3 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। देवनारायण यादव का चाय-नाश्ता ठेला, गोवर्धन श्रीवास की सैलून दुकान और जाकिर हुसैन की साइकल मरम्मत की दुकान शामिल थीं। देवनारायण यादव को लगभग 80 हजार रुपये, गोवर्धन श्रीवास को 1 लाख 50 हजार और जाकिर हुसैन को 70 हजार रुपये के नुकसान का अनुमान है। तीनों दुकानदार सड़क किनारे रोजाना मेहनत-मजदूरी कर अपने परिवार का पेट पालते है। घटना की जानकारी होने पर पुलिस मौके पर पहुंची , वहीं घटना को लेकर दुकान संचालकों के साथ आसपास के लोगों से भी पूछताछ कर रही है। ठेलों को जिन आसामाजिक तत्वों ने आग के हवाले किया है, इसके चलते दुकान संचालकों को 3 लाख का नुकसान हुआ है। इन ठेलों में चाय नाश्ता, सेलुन एवं सायकल मरम्मत करने का काम संचालकों के द्वारा किया जाता है। वहीं लाखों का नुकसान होने से इन पर रोजी रोटी का संकट पैदा हो गया है। यह घटना मेन रोड पर हुई है। एक ऐसा स्थान जहाँ रात भर पुलिस की पेट्रोलिंग होती है। सवाल उठता है कि जब इस तरह की घटनाएं शहर के मुख्य मार्ग पर हो रही हैं, तो बाकी इलाकों की सुरक्षा का क्या हाल होगा। चांपा पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान उठ रहे है। इस घटना ने पुलिस की गश्त और सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोल दी है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द दोषियों को पकड़ा जाए और पीड़ित दुकानदारों को उचित मुआवजा दिए जाने की मांग की है।




ठेला में लगी आग।

## खबर संक्षेप

### सड़क पर सज रही दुकान, लग रहा जाम, राहगीर हो रहे परेशान

**जांजगीर-चांपा।** जिला मुख्यालय जांजगीर में इन दिनों यातायात व्यवस्था चरमरा गई है। दरअसल त्यौहारी सीजन में कई व्यापारियों ने सड़क पर दुकान सजा ली है। ऐसे में गाड़ियों की पार्किंग की समस्या हो रही है, तो वहीं मार्गो पर जाम भी लग रहा है। सर्वाधिक समस्या लिंक रोड में देखने को मिल रही है। गौरतलब है कि त्यौहारी सीजन को पार्किंग की समुचित व्यवस्था अधिकांश जगहों पर नहीं होने से सड़क जाम होने की समस्या होने लगी है। जिला मुख्यालय जांजगीर में ही लिंक रोड पर नेताजी चौक से मेट्रो सिनेमा के बीच कई जगहों पर शाम होते ही वाहनों की कतार लग जाती है। सर्वाधिक समस्या नेताजी चौक से लेकर एमएलटी काम्पलेक्स के बीच में होती है। यहां मार्ग पर पहले से ही पार्किंग की व्यवस्था नहीं है।

### ग्रामीण क्षेत्रों में घंटों बिजली बाधित, लोग हलाकान

**जांजगीर-चांपा।** सारागांव विद्युत सब स्टेशन के अंतर्गत आने वाले दर्जनों ग्राम पंचायतों में घंटों बिजली गुल कर दी जा रही है, जिसके चलते ग्रामीणों की परेशानी और भी बढ़ गई है। खासकर देवरी सारागांव, कमरीद, कोसमंदा, जाटा, अमरूवा, चोरिया, मुडपार अफरीदी सहित अन्य जगहो पर बिना किसी पूर्व सूचना के बिजली गुल कर दी जा रही है, जिसका खामियाजा ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है। रात्रि के समय बिजली कटौती से जहरीले जीव जंतुओं का खतरा बना रहता है। बम्हनीडीह ब्लाक के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत तालदेवरी, बोरसी, गतवा, सिलादेही, बनडभरा, डभरा सहित अन्य ग्रामीण क्षेत्रों में घंटों बिजली बंद कर दी जाती है। इधर गर्मी बढ़ने के साथ बिजली की खपत भी बढ़ती ही जा रही है। जिसके चलते कई ग्रमीण क्षेत्रों में ट्रांसफार्मर जलने एवं खराब होने की जानकारी भी मिल रही है। इसे लेकर विद्युत विभाग का अमला गंभीर नहीं है। इसके अलावा कही कोई जगह फाल्ट आने पर जानकारी देने वाले मशीन का पता नहीं है।

### हसदेव नदी सिलादेही तट पर धड़ल्ले से चल रहा अवैध उत्खनन

**बिर्रा।** सिलादेही हसदेव नदी में रेत का अवैध कारोबार धड़ल्ले से किया जा रहा है। जिसके कारण अवैध रेत खनन करने वाले के खिलाफ कार्रवाई नहीं होने से उनके हौसले बुलंद दिखाई दे रहे हैं। खनिज विभाग के नियमों को ताक में रखकर अवैध रेत सिलादेही गतवा हसदेव नदी से माउंटेन चैन से खुलेआम रेत उत्खनन किया जा रहा है। साथ ही रेत से अवैध वसूली करके मनमानी करने से बाज नहीं आ रहे हैं वहीं खनिज विभाग की टीम लगातार मानिटरिग करने के बावजूद भी इन अवैध रेत कारोबारी के खिलाफ कार्रवाई नहीं करने से तरह तरह के प्रश्न चिन्ह खड़ा कर दिया है। साथ ही खनिज विभाग जान बूझकर कार्यवाही करने से बच रहे हैं। वैसे तो खनिज विभाग का रेत कारोबार करने वाले से सीधे लिंक होने के कारण खनिज की टीम आने से पहले इन अवैध रेत कारोबार करने वाले को पता चल जाता है। हसदेव नदी में मांउटेन चैन से नदी की छलनी करके अवैध रेत का कारोबार धड़ल्ले से चल रहा है। निकाली जा रही है। जिसके कारण हसदेव नदी का अस्तित्व खतरा से मंडराने लगा है

# बिर्रा में एसबीआई शाखा खोलने की मांग पकड़ने लगी जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा

बिर्रा में लंबे समय से भारतीय स्टेट बैंक शाखा खोलने की मांग पुरजोर पकड़ने लगी है। सर्वाधिक जनसंख्या वाले ग्राम पंचायत बिर्रा में लंबे समय से भारतीय स्टेट बैंक शाखा खोलने की मांग बीच बीच में उठती रही है। शाखा नहीं खुलने से हितग्राहियों को अन्य शहर जाकर अपना काम कराना पड़ता है।

विदित हो कि सबसे बड़ी राजस्व आय होने के साथ साथ 25 ग्राम पंचायत इसी के अधीन होने के कारण छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक तीन कियोस्क शाखा के अधीन होने के कारण सभी खाता धारक काफी परेशान रहते हैं। अपने कार्य के लिए बैक में लंबी पारी का इंतजार करना पड़ता है। भारतीय स्टेट बैंक शाखा नहीं होने के कारण शिवरीनारायण, चांपा, जैजैपुर जाकर खाता खुलवा रहे हैं। वहीं जाने आने में समय और पैसा खर्च हो रहा है। इस क्षेत्रवासियों के द्वारा लंबे समय से भारतीय स्टेट बैंक शाखा की बिर्रा में खोलने की मांग की जा रही है। किन्तु हर बार की तरह इस ग्राम पंचायत बिर्रा को भारतीय स्टेट बैंक शाखा खोलने का अप्रूवल नहीं मिल रहा है तथा एसबीआई शाखा खोलने के लिए अधिकारी का भी कोई भी रूचि नहीं दिखाई दे रहा है। साथ ही इसके पहले बम्हनीडीह एवं हसौद में भारतीय स्टेट बैंक शाखा खुल गया है। नगर कांग्रेस के नेता मणीलाल कश्यप ने कहा कि भारतीय स्टेट बैंक शाखा खोलने के लिए पुरजोर मांग किया जाएगा तथा जरूरत पड़ने पर आंदोलन का सहारा लिया जाएगा। वहीं सरपंच श्रीमती पीलीबाई एकादशियां साहू ने कहा कि जनसंख्या और राजस्व आय होने के बावजूद भी स्टेट बैंक शाखा खोलने के लिए हरसंभव प्रयास किया जाएगा ताकि जल्द ही ग्राहकों को बाहर बैक का मुंह नहीं ताकना पड़ेगा। इसके साथ ही ग्राम पंचायत बिर्रा को सबसे पहले भारतीय स्टेट बैंक शाखा खुल जानी चाहिए किन्तु किस कारण से बैक नहीं खुल रहा है इसके लिए सभी को संगठित होकर संघर्ष करने चाहिए। भाजपा मण्डल बम्हनीडीह के कोषाध्यक्ष लोकपाल देवांगन, व्यापारी कन्हैया अग्रवाल, कुलकीत साहू ने कहा कि भारतीय स्टेट बैंक शाखा नहीं खुलने से आम जनता परेशान है तथा इसके लिए सभी भारतीय स्टेट बैंक शाखा खोलने के लिए लामबंद होकर संघर्ष करने की मांग उठ रही है।

### पेण्ड्री में टावर केबल चोरी करने वाले 2 आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

**जांजगीर-चांपा।** टावर केबल चोरी करने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मामला नवागढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम पेण्ड्री का है। नवागढ़ पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 23 अप्रैल को रात्रि में ग्राम पेंडरी में लगे एयरटेल टावर के केबल को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा काटा गया है। कुछ ही दूरी पर एक व्यक्ति के पास केबल पड़ा हुआ मिला। जिससे नाम पता। पूछने पर प्रवीण महंत निवासी रामपुर कोरबा का होना बताया और साथ में सूरज निवासी रामपुर का होना बताया। टावर में लगा केबल तार कटा हुआ कीमती 50 हजार रुपए चोरी हुआ हैं। सूचना थाना आरोपी प्रवीण दास महंत व सूरज चौहान को दोनों निवासी रामपुर को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

# हत्या के फरार आरोपी को जयपुर से पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

हत्या के मामले में फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने जयपुर (राजस्थान) से गिरफतार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। घटना अकलतरा नेशनल हाइवे ब्रिज की है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार 23 जुलाई 2024 को नेशनल हाईवे क्रमांक 49 अकलतरा ओव्हर ब्रीज के पास पिलर नंबर 01 के नीचे पत्थर से ढंका एक अज्ञात पुरूष शव सड़ी गली हालत में मिली। जिस पर पुलिस ने धारा 194 बीएनएस कायम कर जांच मे लिया गया था। जांच दौरान पहचान कार्यवाही कराये जाने से जलेश्वर कश्यप निवासी ससहा रोड पामगढ का होना बताया गया। मृतक के कंकाल का डी.एन.ए परीक्षण कराये जाने पर जलेश्वर कश्यप का होना पाया गया जलेश्वर कश्यप को कोई अज्ञात आरोपी के द्वारा हत्या कारित कर साक्ष्य छुपाने के नियत से ओव्हर ब्रीज के पिलर के नीचे पत्थर से ढकना प्रथम दृष्टया पाये जाने से अज्ञात आरोपी के विरूद्ध थाना अकलतरा मे धारा 103 (1),238(ए) बीएनएस कायम कर विवेचना मे लिया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप व उप पुलिस अधीक्षक प्रदीप सोरी के मार्गदर्शन में अज्ञात आरोपी की पतासाजी के दौरान आरोपी नंदकुमार उर्फ नंदू कश्यप निवासी बोहापारा अर्जुनी को हिरासत मे लेकर घटना के संबंध में पूछताछ की गई। पूछताछ पर उसने बताया कि 14 जुलाई को अकलतरा शराब भट्टी शराब पीने गया था शराब भट्ठी में जलेश्वर कश्यप से मुलाकात हुआ एक साथ शराब भट्ठी मे शराब पीये उसके बाद करीबन रात्रि 8 से 8.30 बजे एक ही बाइक। मे बैठकर बोहापारा जाने के लिए निकले थे ओवर ब्रीज अकलतरा के नीचे मुरलीडीह रास्ता के पास उतर गये और ब्रीज के पास रूके और बैठकर वही पर फिर शराब पीये। जलेश्वर के एक एक हाथ को पकडे व एक एक हाथ से जलेश्वर के गले को दबाकर हत्या करना स्वीकार किया। प्रकरण के आरोपी दिनेश साहू निवासी लेवर कालोनी अकलतरा जो घटना घटित कर फरार था जिसकी लगातार पतासाजी की जा रही थी, मुखबिर सूचना पर आरोपी को जयपुर, राजस्थान से पकड़ा। अपने साथी नंदकुमार उर्फ नंदू कश्यप के साथ मिलकर हत्या करना जुर्म स्वीकार किए जाने से गिरफ्तार कर 24 अप्रैल को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।


पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

# नगर को सीसीटीवी कैमरे से लैस करने के लिए पार्षद ने सीएमओ से की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

नगर को सीसीटीवी कैमरे से लैस करने को लेकर पार्षद ने सीएमओ से मांग रखी है। उन्होंने बताया कि नगर में आए दिन घटनाएं हो रही है। जिसके चलते प्रमुख चौक चोराहों में सीसी टीवी कैमरा लगाना जरूरी हो गया है।

वार्ड नंबर 11 की पार्षद रोख सितारा टंडन ने नगर के प्रमुख चौक-चौराहों पर सीसी कैमरा लगाने की मांग को लेकर नगर पालिका कार्यालय पहुंचकर सीएमओ संजय सिंह को ज्ञापन सौंपा। उनके साथ पार्षद प्रतिनिधि मनोज टंडन और वार्डवासी भी मौजूद थे। पार्षद ने बताया कि नगर के चौक-चौराहों पर सीसीटीवी कैमरे नहीं लगे हैं। इस कारण वारदात के बाद अपराधी आसानी से भाग जाते हैं। नगर के सभी वाहों में लगातार चोरी की घटनाएं हो रही हैं। असामाजिक तत्व भी लगातारघटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। पार्षद ने मांग की कि अग्रसेन चौक, लाल चौक, अंबेडकर चौक, आजाद चौक, शामली चौक, रेलवे स्टेशन के सामने, आसेन नगर, पोड़ी भाटा, संजय नगर, जय हिंद नगर, लेबर कॉलोनी, कापन रोड, पुरानी बस्ती और श्रीराम चौक में अत्याधुनिक सीसी कैमरे लगाए जाएं। साथ ही नगर पालिका परिषद कार्यालय में कंट्रोल रूम बनाकर कैमरों की निगरानी की जाए। सीएमओ संजय सिंह ने बताया कि मांग पत्र को नगरीय प्रशासन विभाग के उच्य अधिकारियों को भेजा जाएगा।



## नशामुक्ति अभियान को लेकर महिला कमांडो ने खोला मोर्चा

# तालाब से 50 बोरी महुआ लहान बरामद, शराब बेचने वाले के ठिकानों पर दी दबिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राहौद

नशामुक्ति अभियान को लेकर राहौद की महिला कमांडों ने मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने विभिन्न स्थानों पर दबिश देने के साथ 50 बोरी महुआ लहान को जब्त करके नष्ट करने की कार्रवाई की। इधर इस कार्रवाई से शराब माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार गुरूवार 24 अप्रैल को नगर पंचायत राहौद में अवैध महुआ शराब के गोरखधंधा के विरुद्ध नशा मुक्ति अभियान से जुड़ी महिलाओं को सर्च अभियान के दौरान 50 बोरी महुआ लहान व दुल्हा जलाने के रखे जलाऊ लकड़ी को जब्त कर नष्ट किया है। मिली जानकारी के अनुसार राहौद के सातबहनिय वार्ड क्रमांक 1 में सबरिया डेरा में नशा मुक्ति अभियान के तहत सर्च पर निकले हुए थे। इस दौरान बुंदेला नहर पार पर स्थित तालाब किनारे अवैध कच्ची महुआ शराब निकालने की तैयारी कर रहे थे। महिला कमांडो ने मौके पर घेराबंदी करते हुए अवैध तरीके से कच्ची महुआ शराब निकाल रहे युवकों को पकड़ने ने की कोशिश की, लेकिन महिला कमांडो की टीम को देखते ही शराब माफिया के होश उड़ गए और महिलाओं को घेरते देख भाग निकले। शराब माफिया मौके पर बड़ी मात्रा में कच्ची महुआ शराब निकालने की तैयारी में थे। ऐन वक्त पर महिला कमांडो की छापामारी से शराब के माफियाओं के मंसूबों पर पानी फिर गया और तालाब किनारे से 50 बोरी महुआ लहान व कच्ची शराब व समाग्री बरामद कर नष्ट किया गया। नगर में महिला कमांडो के गठन होने के बाद लगातार सर्च अभियान चलाकर अवैध शराब के गोरखधंधा पर अंकुश लगाने में बड़ी भूमिका निभा रही हैं। शराब माफियाओं के ठिकानों में लगातार कारवाई होने से इस गोरखधंधे में संलिप्त लोगों में हड़कंप मच गया है। विडम्बना है कि नगर में पुलिस सहायता केंद्र संचालित है परन्तु स्थानीय पुलिस अवैध महुआ शराब पर कार्रवाई करने में पीछे दिख रही है। वहीं दूसरी ओर नगर के महिला कमांडो अवैध शराब पर जमकर कारवाई कर रही है। ऐसे में पुलिस सहायता केंद्र के जिम्मेदारों पर सवाल उठाए जा रहे हैं। नगर सहित आस -पास में कानून व्यवस्था बनाने और अवैध व्यापार धंधे पर लगाम लगाने पुलिस सहायता केंद्र की स्थापना की गई है, लेकिन जमीनी हकीकतें कुछ और ही बयां कर रही है। नगर में अवैध महुआ शराब की बिक्री जोरों से चल रही है। महिला कमांडो का आरोप है कि पुलिस के सरंक्षण में अवैध शराब फल -फूल रहा है।


तालाब से महुआ लहान को निकालते महिला कमांडों।

# क्रिकेट सट्टे के छोटे पर कार्रवाई बड़ी मछलियां पुलिस पकड़ से बाहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

आईपीएल क्रिकेट प्रारम्भ होते ही सट्टा लगाने वाले और खाईवाल दोनों के साथ साथ पुलिस भी ज्यादा सक्रिय हो जाती है। पुलिस द्वारा छोटे पर कार्रवाई की जाती है और बड़ी मछलियां को अभयदान दिया जा रहा है।

ज्ञात हो कि सट्टे खाईवाल के लिए सक्ती जिला छग प्रदेश सहित पूरे देश में चर्चित है, यहां के सटोरियों को लेकर चर्चा आम रहती है कि जब जब आईपीएल क्रिकेट होता है यहां पुलिस भी सक्रिय हो जाती है और कुछ छोटे सटोरियों को पकड़ कर 2-3 केस बनाकर शांत हो जाती है। केवल औपचारिकता कर सट्टे की छोटी कार्यवाही की जाती है जबकि बड़ी मछलियों तक पुलिस नहीं पहुंच पाती हैं इससे पुलिसिया कार्यवाही पर बहुत से सवाल उठते आए है कि जब छोटे सटोरियों को पकड़ लिया जाता है तो वो छोटे खाईवालों पर कार्रवाई क्यों नहीं की जाती। अभी इस समय भी आईपीएल क्रिकेट चल रहा है और उसके साथ ही सटोरिए और पुलिस दोनों ही सक्रिय है और एक सप्ताह में ही पुलिस के द्वारा क्रिकेट सट्टे को लेकर 2-3 छोटी छोटी कार्यवाही की गई है जो हर वर्ष देखा जाता है। वर्तमान में पदस्थ पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के रहने से आम जनमानस में ऐसी चर्चा है कि इस बार बड़े खाईवाल भी चपेट में आयेंगे। हर बार की तरह छोटे सटोरियों को पकड़ने तक पुलिस की कार्यवाही सीमित रहती है। बडों पर कार्रवाई नहीं की जाती है।

## खबर संक्षेप

### अदिति का शासकीय चिकित्सालय जांजगीर चांपा में डॉक्टर के पद पर चयन

**बिलासपुर।** शर्मा बिहार सरकंडा निवासी अदिति शास्त्री की नियुक्ति शासकीय चिकित्सालय जांजगीर चांपा में डॉक्टर के पद पर किया गया है। वे शंकरा कॉलेज दुर्ग से मेडिकल की पढ़ाई पूरी कर सफलता का परचम लहराया है। वह प्रारंभ से ही मेधावी छात्र रही है। वह नगोई निवासी ओमप्रकाश शास्त्री व सीमा शास्त्री की पुत्री है।



अदिति शास्त्री

### डीएव्ही स्कूल में केजी-1 में प्रवेश के लिए आवेदन 10 मई तक

**कोरबा।** जिले में संचालित 5 डीएव्ही मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल बडमार, जेंजरा, खरमोरा, सैला, डोगरतराई में केजी 1 में शिक्षा के अधिकार के तहत एवं शासकीय कोटा के रिक्त सीट में प्रवेश दिया जा रहा है। इस हेतु आवेदन संबंधित डी.ए.व्ही. मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूलों में 10 मई तक जमा कर सकते हैं। शिक्षा के अधिकार के तहत गरीबी रेखा तथा अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति के छात्र-छात्राएं पात्र होंगे एवं शासन कोटा में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति, निःशक्तजन, निर्धन वर्ग, परित्यक्ता, मातृ-पितृ हीन के छात्र/छात्रा आवेदन के पात्र है। शासकीय कोटा एवं शिक्षा के अधिकार के तहत आवेदन करने की अंतिम तिथि 10 मई शाम 5 बजे तक हैं। आवेदन का प्रारूप एवं अन्य जानकारी संबंधित डीएव्ही मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल से प्राप्त किया जा सकता है।

### जिले में पोषण पखवाड़ा 2025 का हुआ समापन

**कोरबा।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आज जिले में पोषण पखवड़ा 2025 का समापन समारोह मनाया गया। पोषण पखवाड़ा 2025 मुख्य रूप से 4 थीम पर केनद्रित रही। जिसमें जीवन के प्रथम 1000 दिवस पर विशेष ध्यान, पोषण ट्रैकर में उपलब्ध बेनिफिशरी मॉडयूल का व्यापक प्रचार-प्रसार, सी-सेम माडयूल का प्रबंधन व बच्चों में मोटापे के समस्या को रोकने के लिए स्वस्थ्य जीवन शैली के संबंध में जागरूकता शामिल है। गौरतलब है कि व्यक्तिगत एवं समुदाय स्तर पर स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी व्यवहार परिवर्तन व पोषण संबंधी परिणामों में सुधार लाने के उददेश्य से 8 से 22 अप्रैल तक पोषण पखवाड़ा 2025 के अंतर्गत विविध कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसी कडी में जिला एवं परियोजना स्तर पर पोषण पखवाड़ा की गतिविधियों की समीक्षा एवं समापन समारोह आयोजित किए गए। ग्राम पंचायत नगर निकाय की बैठकों में भी अपने क्षेत्र की पोषण स्थिति का आंकलन एवं कुपोषण मुक्ति हेतु नियोजन संबंधित चर्चा भी की गई।

### लेखापाल के रिक्त संविदा पद पर भर्ती हेतु आवेदन 30

**कोरबा।** राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना अंतर्गत जिला पंचायत संसाधन केन्द्र में लेखापाल के स्वीकृत 1 रिक्त पद की पूर्ति किया जाना है। पंचायत संचालनालय अंतर्गत लेखापाल के एक रिक्त संविदा पद पर छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (संविदा नियुक्ति) नियम 2021 एवं पंचायत संचालनालय छग विकास भवन अटल नगर रायपुर द्वारा राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान हेतु जारी मार्गदर्शिका में विहित प्रावधान अनुसार निर्धारित सेवा शर्तों, अर्हता एवं योग्यता रखने वाले उम्मीदवारों से लेखापाल के एक रिक्त संविदा पद हेतु 30 अप्रैल शाम 5 बजे तक कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत के नाम पंजीकृत डाक, स्पीड पोस्ट के माध्यम से आवेदन आमंत्रित किया गया है। आवेदन पत्र व्यक्तिगत रूप से अथवा ई-मेल या अन्य इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से स्वीकार नहीं किये जाएंगे। निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

### बाइक की टक्कर से वृद्धा की मौत, जुर्म दर्ज

**कोरबा।** चैतमा चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सेंद्रीपाली निवासी कमलेश मरकाम उम्र 35 वर्ष पिता स्व इंदाराम मरकाम ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह खेती किसानी मजदूरी का काम करता है। कमलेश की मां मथन कुंवर 22 अप्रैल की दोपहर लगभग 3 बजे चटुवाभवना रिस्तेदारी में जा रहूं कहकर घर से पैदल निकली थी, जो शाम तक चटुवाभवना नही पहुंची तब कमलेश के द्वारा अपनी मां की आसपास पता तलाश की गई लेकिन कुछ पता नहीं चला। 23 अप्रैल की सुबह लगभग 8 बजे सेन्द्रीपाली का बेचू सिंह श्याम ने कमलेश को बताया कि उसकी मां मथन कुंवर का माखनपुर के पास नेशनल हाईवे 130 में एक्सीडेंट हो गया है।

# पांच किलो निःशुल्क चावल योजना, पीडीएस दुकानों से गायब

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

गरीब अंत्योदय परिवारों के लिए पांच किलो निःशुल्क चावल प्रति कार्ड देने वाली पीएम गरीब कल्याण योजना पीडीएस दुकानों से गायब नजर आ रही है। यहां नियमित बीपीएल और एपीएल हितग्राहियों को उनके कोटे का राशन मिल नहीं रहा है। निःशुल्क चावल मिलना तो दूर की बात हो गई है। अधिकांश हितग्राही यह मान कर चल रहे हैं कि योजना बंद हो गई है।

महामारी कोरोना के दौरान गरीब बेसहारा परिवारों के लिए पांच किलो निःशुल्क चावल देने की योजना शुरु की गई थी। तब से यह योजना केंद्र सरकार के द्वारा प्रतिवर्ष आगे बढ़ाई जा रही है किंतु आम गरीब बेसहारा परिवार जो इस योजना के दायरे में आते हैं वह इनसे वंचित हो रहे हैं। जानकार लोगो को तो यह मालूम है कि पांच किलो निःशुल्क चावल देने की योजना वर्तमान में चाल रही है लेकिन आम बीपीएल हितग्राहियों को पीडीएस दुकानदार यही जवाब देते हैं कि योजना का चावल नहीं आ रहा है। जवाब सुनकर योजना के हितग्राही नगद राशि से ही मिलने वाले खाद्यान्न उठाने मजबूर हो रहे हैं। जबकि विभाग के रिकार्ड में आबंटित हो रहा है।

## गरीब अंत्योदय परिवारों के लिए की गई है लागू

**खास बातें**

- नहीं मिल रहा है हितग्राहियों को उनके कोटे का राशन
- आम लोगों को नहीं है योजना की जानकारी




### दुकानों में चल रहा भौतिक सत्यापन

पीडीएस दुकानों में इस समय खाद्यान्न आबंटन और आबंटित सामग्री तथा वितरण का पूरा डाटा कलेक्ट किया जा रहा है। इसके लिए खाद्य विभाग के द्वारा शहरी और ग्रामीण अंचल के पीडीएस दुकान में भौतिक सत्यापन कार्य शुरु किया जा रहा है। इस दौरान दुकानों का आबंटित खाद्य सामग्री व राशनकार्ड की संख्या और प्रतिमाह वितरण की जाने वाली खाद्यान्न सामग्री के रिकार्ड को खंगाला जा रहा है। इस सत्यापन कार्यवाही से कई राशनकार्ड में सदस्य भी हटा दिए जा रहे हैं। इसकी शिकायत हितग्राहियों ने खाद्य विभाग से की है।

### पांच लाख से अधिक हैं जिले में राशनकार्डधारी

जिले में एपीएल, बीपीएल और अंत्योदय योजना अंतर्गत बनाए गए राशनकार्ड की संख्या 5 लाख से अधिक पहुंच गई है। इसमें 3 लाख बीपीएल परिवार हैं वहीं 32 परिवार ऐसे सामने आए हैं जिन्हें पीएम गरीब कल्याण योजना के तहत 5 किलो चावल निःशुल्क दिया जाता है। जिसका आबंटन एपीएल और बीपीएल हितग्राहियों के खाद्यान्न के साथ ही आबंटित किया जाता है किंतु उन्हें मिलता नहीं है। जबकि विभाग की मानें तो आबंटन हो रहा है।

## उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बेचुलभांठा में जमकर हुआ हंगामा

# अवैध शराब पकड़ने गई पुलिस टीम को ग्रामीणों ने घेरा, अफसरों की समझाइश के बाद टीम लौटी वापस



कार्यवाही करने पहुंची पुलिस को घेरे हुए ग्रामीण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

**खास बात**

- आधा दर्जन थानेदार व पुलिस लाइन से पहुंची थी बल

एक गांव में अवैध शराब मिलने की सूचना पर नगर पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में एक पुलिस टीम सुबह गांव जा पहुंची थी जहां एक युवक के कब्जे से शराब बरामद किया और पुलिस उसे थाने ले जा रही थी। इस बीच पुलिस की कार्रवाई पर ग्रामीणों का गुस्सा भड़क गया और ग्रामीणों ने गांव के बीच पुलिस की टीम को ही घेर लिया। फिर क्या था जिला मुख्यालय तक जैसे ही इसकी सूचना पहुंची। बड़ी संख्या में कई थानेदार व पुलिस लाइन से बल को भेजा गया और पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझाइश दी जिसके बाद पुलिस टीम को मौके से छुड़ाकर वापस लाया गया।

सूत्रो से मिली जानकारी के मुताबिक उरगा थाना क्षेत्र के ग्राम बेचुलभाटा में अवैध तरीके से शराब बनाने और बेचने की सूचना पुलिस के अफसरों को मिली थी। कोरबा नगर पुलिस अधीक्षक भूषण एक्का के नेतृत्व में एक पुलिस टीम बुधवार की सुबह लगभग 9 बजे ग्राम बेचुलभांठा पहुंची थी। जहां पुलिस की टीम ने गांव में निवासरत मनोज उरांव के घर छापामार कार्रवाई कर ग्रामीण के घर की तलाशी ली। जहां मनोज उरांव के कब्जे से चार लीटर महुआ शराब जब्त किया गया। पुलिस आगे की कार्रवाई कर मनोज उरांव को गिरफ्तार कर थाने ले जा रही थी। इसी बीच 4 महिलाएं भी पुलिस के वाहन में बैठ गई और साथ ले जाने की जिद करने लगी। इस बीच ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा और कार्यवाही पर नाराजगी जाहिर करते हुए ग्रामीणों ने पुलिस की गाड़ी के आगे पीछे सड़क पर ही घेरकर बैठ गए और जमकर हंगामा करने लगे और मनोज उरांव को छोड़ने की मांग करने लगे। ग्रामीणों के इस आक्रोश के बीच घिरे पुलिस टीम ने तत्काल इसकी जानकारी पुलिस के आला अधिकारियों को दी गई। फिर क्या था पुलिस अफसरों के निर्देश पर जिले के सिविल लाइन थाना प्रभारी प्रमोद डडसेना, नगर कोतवाल मोती पटेल, उरगा थाना प्रभारी राजेश तिवारी, बालको थाना प्रभारी अभिनवकांत सिंह, कुसमुण्डा थाना प्रभारी रुपक शर्मा सहित पुलिस लाइन से बड़ी संख्या में पुलिस बल के साथ आबकारी की टीम ग्राम बेचुलभांठा पहुंची और पुलिस अधिकारियों ने ग्रामीणों को समझाइश देकर किसी तरह मामले को शांत कराया गया।

### सी केयर्स पोर्टल को प्रभावी बनाने पर फोकस

**कोरबा।** एसईसीएल के निदेशक (एचआर) बिरंची दास ने कंपनी मुख्यालय, बिलासपुर में पीएफ पेंशन से संबंधित मामलों के शीघ्र एवं सुगम निपटान के उद्देश्य से दो महत्वपूर्ण बैठकें की। पहली बैठक में सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ एडवांस्ड कंप्यूटिंग (सीडेक) तथा सीएमपीएफओ के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ चर्चा करते हुए श्री दास ने सी केयरर्स पोर्टल के माध्यम से पीएफ पेंशन मामलों का न्यूनतम मानवीय हस्तक्षेप के साथ शीघ्र निपटान सुनिश्चित करने हेतु निर्देश दिए। एसईसीएल के निदेशक (एचआर) बिरंची दास ने कहा कि सेवानिवृत्त कर्मियों एवं उनके परिजनों को हर संभव सहायता प्रदान की जाए। बैठक में सी केयर्स पोर्टल के तकनीकी एवं प्रायोगिक पहलुओं की समीक्षा की गई तथा उसमें सुधार के लिए आवश्यक सुझाव साझा किए गए। पोर्टल के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर अधिकारियों के साथ विचार-विमर्श किया गया।

# मोटर सायकल की लूटपाट के मामले में नाबालिग सहित 5 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



पुलिस गिरफ्त में आरोपी व जप्त मोटर सायकल।

दर्री थाना क्षेत्र अंतर्गत निवासरत विकास कुमार झा ने थाने में 15 अप्रैल को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 14 अप्रैल की रात्रि लगभग 10:30 बजे जब विकास एनटीपीसी प्लांट के मेस से खाना खाकर मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 19 एमजे 7613 से अपने गेस्ट हाउस (साडा कॉलोनी) जा रहा था। तभी के.सी. जैन मार्ग केन्दईखार के पास अज्ञात व्यक्तियों ने विकास पर डंडे से हमला कर उसे घायल कर दिया तथा उसके पास से ओप्पो कंपनी का मोबाइल फोन एवं मोटरसाइकिल को जबरन छीनकर फरार हो गए।

प्रार्थी विकास की रिपोर्ट पर पुलिस अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर उनकी खोजबीन कर रही थी। जांच में यह पाया गया कि विकास कुमार झा जब साडा कॉलोनी लौट रहा था तब दो मोटरसाइकिलों पर सवार 5 आरोपियों राजा बाबू पोर्ते, कन्हैया यादव, संदीप दिवाकर, प्रिंस पोर्ते और एक विधि से संघर्षरत बालक ने विकास को रोककर लाठी से प्रहार किया और डरा-धमका कर उसकी मोटरसाइकिल एवं मोबाइल फोन जबरन छीन लिए। मुखबिर की सूचना के आधार पर प्रगतिनगर दर्री में आरोपियों की धरपकड़ के लिए दबिश दी गई, जिसमें 4 आरोपियों एवं एक विधि से संघर्षरत बालक को पकड़ा गया। पूछताछ में आरोपियों द्वारा अपराध स्वीकार करने पर डकैती में प्रयुक्त दो मोटरसाइकिलें (हीरो स्प्लेंडर एवं होंडा साइन) तथा डकैती कारित कर लूटी मोटर साइकिल एवं मोबाइल फोन बरामद कर आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में लिया गया। जांच में यह भी स्पष्ट हुआ कि इन आरोपियों के खिलाफ पूर्व से भी अपराध पंजीबद्ध है। फरार आरोपी प्रिंस पोर्ते के घर से एक पैशन प्रो मोटरसायकल (सीजी 04 एचएम 5619) एवं एक हीरो होंडा मोटरसायकल (सीजी 12 बीआर 2162) बरामद की गई, जो क्रमशः बालको थाना एवं बाकीमोगरा थाना में दर्ज चोरी के मामलों से संबंधित है।

### कोटवार की जमीन को निजी जमीन बताकर बेचा, तीन के विरुद्ध जुर्म दर्ज

**कोरबा।** बैंकुठपुर थाना क्षेत्र के ग्राम अमका निवासी मोहनलाल उम्र 34 वर्ष पिता शंभूप्रसाद साहू ने कोरबी चौकी में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि प्रेमनगर निवासी विजय कुमार साहू, शिक्षक भूपेन्द्र कुमार एवं विरेन्द्र कुमार पिता बनवारीलाल साहू ग्राम प्रेमनगर तहसील प्रेमनगर जिला सूरजपुर के लोगो ने पटवारी से मिलीभगत करके जमीन का चौहदी बनवाकर ग्राम कोठीखर्रा तहसील पोडी उपरोडा का जमीन खसरा नंबर 177 रकबा 0.37 हेक्टेयर जमीन 6 अप्रैल 2022 को रजिस्ट्री करा दिये एवं 5 लाख 50 हजार रुपए का चेक लेकर पैसा आहरण कर लिये रजिस्ट्री के बाद मोहनलाल नामांतरण के लिये तहसील पोडी उपरोडा में आवेदन किया तो तहसीलदार ने उक्त जमीन को कोटवारी जमीन (ग्राम नौकर) का बताया।

**न्यायालय कार्यपालिक दंडाधिकारी चांपा जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**

ग्राम कोसमंदा
दिनांक 10/03/25

**ईश्तहार**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका बद्री प्रसाद सूर्यवंशी पिता/पति स्व. नकुल सूर्यवंशी जाति सूर्यवंशी साकिन कोसमंदा तहसील चांपा जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.) ने इस न्यायालय में अपने पुत्र/पुत्री/पिता/पति बिरस बाई सूर्यवंशी के जन्म/ मृत्यु दिनांक 17/01/1989 स्थान पर कोसमंदा कारण से होने पर पंजीयन हेतु आवेदन पत्र पटवारी मय पंचनामा, शपथ पत्र सहित पेश किया है। अतः जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा/आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 25/04/25 को समय 11.00 बजे इस न्यायालय में उपस्थित हो कर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात दावा/आपत्ति स्वीकार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 10/03/25 को न्यायालय के सील मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया जाता है।
जारी दिनांक 10/03/25
दिनांक 25/04/25

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**चांपा**

**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**

विवाह प्र. क्र 111/ब-121/2024-2025
ग्राम-बिर्रा तहसील-बम्हनीडीह

आवेदक मन्नु लाल साहू उम्र 35 वर्ष पिता श्री भागवत प्रसाद साहू जाति तेली निवासी ग्राम बिर्रा तहसील बम्हनीडीह थाना बिर्रा जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) **एवं** आवेदिका अंकिता भगत उम्र 31 वर्ष पिता श्री अर्जुन भगत जाति उरांव निवासी कश्मीर गली खरकट्टा पत्थलगांव तहसील व थाना पत्थलगांव जिला जशपुर (छ.ग.) **बनाम** छत्तीसगढ़ शासन

**ईश्तहार**

आम जनता ग्राम बिर्रा तहसील बम्हनीडीह जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक मन्नु लाल साहू उम्र 35 वर्ष पिता श्री भागवत प्रसाद साहू जाति तेली निवासी ग्राम बिर्रा तहसील बम्हनीडीह थाना बिर्रा जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) एवं आवेदिका अंकिता भगत उम्र 31 वर्ष पिता श्री अर्जुन भगत जाति उरांव निवासी कश्मीर गली खरकट्टा पत्थलगांव तहसील व थाना पत्थलगांव जिला जशपुर (छ.ग.) द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा-5 के तहत आशयित विवाह की सूचना आवेदन प्रस्तुत किया गया है। अतः इस संबंध में किसी को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह अपनी दावा /आपत्ति इस न्यायालय में दिनांक 21.05.2025 को 11.00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 15.04.2025 को न्यायालय की पद मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

**विवाह अधिकारी**
**जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**

जाँजगीर मार्केट

ब्राण्डेड रेडीमेड कपड़ा शोरूम
COBB कंपनी के कपड़े पर 66% छूट
जान प्लेयर कंपनी के कपड़े पर 33% छूट
फायर सेफ्टी (अग्नि शमन यंत्र) 25% छूट
इंटीरियर सामान फर्नीचर किचन शोरूम 30% छूट
डोर एण्ड डोर (राजकोट) 33% छूट
आदित्य प्लाई एण्ड हार्डवेयर
नेताजी चौक, लिंक रोड, जांजगीर
मो. 6260115021

संजीवनी SRHC फिजियोथेरैपी एवं पाईल्स क्लीनिक
पाईल्स बवासीर भगंदर फिशर (बिना ऑपरेशन)
डॉ. श्रीमती ममता साहू
डॉ. योगेश साहू (P.T.)
MO. 9691553615

TOP IN JANJGIR

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग
24x7 इमरजेंसी सुविधा उपलब्ध
डॉ. दिलीप जैन

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
यूरोलॉजी विभाग (मूत्र एवं किडनी रोग)
डॉ. प्रदीप जैन
M.B.B.S., M.S., MCh Urology (Mumbai)

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
दंत रोग विभाग
डॉ. सुमिता जैन

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जनरल सर्जरी, हड्डी रोग एवं ट्रामा विभाग

पताः पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु म. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999664061

HEALTH TOWN

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
Dental & Consmetic Treatments


24-APRIL- JAS-KORIYA-RAG- JANJ- Bhoomi pg-3_Layout 1 4/24/2025 7:32 PM Page 1



**'हैदर' से 'राजी' तक, इन फिल्मों की हुई थी शूटिंग**

# खून से सनी वो जगह, जो हमेशा से रही बॉलीवुड की पसंदीदा लोकेशन

*नई दिल्ली। जम्मू-कश्मीर का पहलगाम आज निर्दोष लोगों के खून से सना हुआ है। घने जंगलों, नदियों और घास के लंबे मैदानों के चलते यह इलाका बॉलीवुड की पसंदीदा लोकेशन में से एक रही है। इस जगह में अब तक कई पॉपुलर फिल्मों की शूटिंग हुई है आइए जानते हैं कि आखिर कौन सी फिल्में हैं, जिन्हें पहलगाम की खूबसूरत वादियों में शूट किया गया?*





### जब तक है जान

शाहरुख खान, कैटरीना कैफ और अनुष्का शर्मा की फिल्म 'जब तक है जान' के कई सीन्स पहलगाम की खूबसूरत वादियों के बीच शूट किए गए थे। इस फिल्म में शाहरुख ने आर्मी ऑफिसर समर आनंद का किरदार निभाया था। वहीं, अनुष्का शर्मा अकीरा राय की भूमिका में नजर आईं।

### हैदर


विशाल भारद्वाज के डायरेक्शन में बनी 'हैदर' शाहिद कपूर और श्रद्धा कपूर लीड रोल में नजर आए थे। इस फिल्म के कई सीन भी पहलगाम में फिल्माए गए थे। 'बिस्मिल सॉन्ग' की शूटिंग मार्तंड सूर्य मंदिर में की गई, जो अनंतनाग से पहलगाम के बीच रास्ते में पड़ता है। फिल्म का क्लाइमैक्स भी पहलगाम में शूट हुआ था।



### राजी

आलिया भट्ट और विक्की कौशल की 'राजी' के कई सीन्स भी पहलगाम में शूट हुए थे। इस फिल्म में विक्की ने पाकिस्तानी आर्मी ऑफिसर इकबाल का रोल निभाया था। कश्मीरी लड़की सहमत की भूमिका आलिया भट्ट दिखी थीं, जो दिल्ली में पढ़ाई करती है और पिता की तबीयत खराब होने के चलते वापस कश्मीर आती हैं।





### बजरंगी भाईजान

'बजरंगी भाईजान' सलमान खान की पॉपुलर फिल्मों में से एक है। इसके कई सीन पहलगाम में शूट किए गए थे। हिट सॉन्ग 'भर दे झोली मेरी' की शूटिंग बैसारन घाटी में हुई थी। फिल्म की कहानी सलमान और हर्षाली के किरदार मुन्नी के इर्द-गिर्द घूमती है। फिल्म की कहानी एसएस राजामौली के पिता केवी विजयेंद्र प्रसाद ने लिखी थी। यह फिल्म एक ऐसी बच्ची की कहानी है, जो पाकिस्तान में अपने परिवार से बिछड़कर हिंदुस्तान में आ जाती है। इसके बाद सलमान खान का किरदार बच्ची को उसके परिवार से मिलाने के लिए पाकिस्तान जाता है।




### हाईवे

इम्तियाज अली की फिल्म 'हाईवे' के सेकंड पार्ट में वीरा और ट्रक ड्राइवर महाबीर कश्मीर पहुंचते हैं और वहां पर एक घर में रहते हैं। उन खूबसूरत वादियों के बीच नई जिंदगी की शुरुआत करने की कोशिश करते हैं। ये पहलगाम से करीब 12 किलोमीटर दूर स्थित अरु घाटी थी।

## एक भी मासूम को मारना पूरी कायनात को मारने जैसा...


*मुंबई। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में बीते मंगलवार को आतंकवादियों ने टूरिस्टों को बर्बर तरीके से मौत के घाट उतार दिया। इस हमले से पूरा देश सदमे में है। जानकारी के मुताबिक इस दर्दनाक हमले में अभी तक 26 मासूमों की जान चली गई है। इस मामले पर देशभर के लोग आक्रोश जाहिर कर रहे हैं। इस घटना पर अक्षय कुमार से लेकर संजय दत्त समेत कई सेलेब्स ने अपनी प्रतिक्रिया दी थी। अब इस दुखद घटना पर शाहरुख खान और सलमान खान जैसे दिग्गज सितारों ने न्याय की मांग करते हुए इस जघन्य अपराध की कड़ी निंदा की है।*

### कश्मीर नर्क बन रहा



बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता सलमान खान ने अपने एक्स अकाउंट पर लिखा, 'धरती का स्वर्ग कहा जाने वाला कश्मीर नर्क में बदलता जा रहा है। निर्दोष लोगों को निशाना बनाया जा रहा है, मेरी संवेदनाएं उनके परिवारों के साथ हैं। एक भी मासूम को मारना पूरी कायनात को मारने के बराबर है।'

### शब्द कम पड़ रहे



अभिनेता शाहरुख खान ने पहलगाम हमले पर कहा, 'पहलगाम में हुई विश्वासघात और अमानवीय कृत्य पर दुख और गुस्से को शब्दों में बयां करना मुश्किल है। ऐसे समय में, हम केवल ईश्वर को ध्यान कर सकते हैं और पीड़ित परिवारों के लिए प्रार्थना कर सकते हैं। साथ ही अपनी गहरी संवेदना व्यक्त कर सकते हैं। हम एक राष्ट्र के रूप में एकजुट होकर मजबूत बनें और इस जघन्य कृत्य के खिलाफ न्याय पाने की कोशिश करें।'

### हिंसा के लिए कोई जगह नहीं



बॉलीवुड अभिनेता इमरान हाशमी इस समय अपनी फिल्म ''ग्राउंड जीरो' से चर्चा में हैं, जो कश्मीर में आतंक के मुद्दे पर बनी है। अभिनेता ने पहलगाम आतंका हमले को लेकर अपने एक्स अकाउंट पर ट्वीट किया है। इस ट्वीट में अभिनेता ने लिखा, 'पहलगाम में हुए भयानक आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा करता हूं। हिंसा के लिए हमारे समाज में कोई जगह नहीं है और इस तरह के आतंकवादी कृत्य हमारी ताकत और एकता को हिला नहीं सकते। पीड़ितों और उनके परिवारों के लिए प्रार्थना करता हूं। न्याय की जीत होनी चाहिए।'

### सुकून की जगह मिला दुख



अभिनेत्री आलिया भट्ट ने अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट किया है, जिसमें उन्होंने पहलगाम हमले पर दुख व्यक्त किया है। इस पोस्ट में उन्होंने लिखा कि पहलगाम से आ रही खबर दिल दहला देने वाली है। वहां घूमने गए लोग खूबसूरती देख रहे थे और सुकून तलाश रहे थे, लेकिन अब उनके जिंदगी में केवल दुख है। उन्होंने इस हमले में मारे गए लोगों को संवेदना दी है।


### हैवानों ने मासूम लोगों को निशाना बनाया



अक्षय कुमार ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम की स्टोरी पर पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, 'पहलगाम में खतरनाक आंतकी हमला हुआ है। हैवानों ने मासूम लोगों को निशाना बनाया है। उनके परिवार के लिए प्रार्थना करता हूं।' सोशल मीडिया पर अक्षय कुमार का पोस्ट वायरल हो रहा है।

## इन फिल्मों में भी दिखा आतंकवाद का भयावह मंजर

*नई दिल्ली। बैसरन घाटी, जिसे 'मिनी स्विट्जरलैंड' के नाम से जाना जाता है, वहां हुए इस हमले में आतंकवादियों ने पर्यटकों पर अंधाधुंध गोलीबारी की। जांच से पता चला कि आतंकवादियों ने धर्म के आधार पर हिंदू पर्यटकों को निशाना बनाया। यह हमला 2019 के पुलवामा हमले के बाद कश्मीर घाटी में सबसे घातक हमलों में से एक है, जिसने आतंकवाद के खतरे को फिर से उजागर किया। इन हमलों की भयावह कहानी कई फिल्मों में भी दिखाई गई है। चलिए जानते हैं उन फिल्मों के बारे में, जिनमें आतंकवाद का भयावह मंजर नजर आया।*




**हिंदुस्तान की कसम (1999) :** वीरेंद्र सक्सेना द्वारा निर्देशित 'हिंदुस्तान की कसम' कारगिल युद्ध पर आधारित है, जिसमें भारतीय सेना और पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों और घुसपैठियों के बीच संघर्ष को दिखाया गया है। अमिताभ बच्चन और अजय देवगन अभिनीत यह फिल्म देशभक्ति और सैन्य बलिदान की कहानी है।

**मिशन कश्मीर (2000) :** विद्या विनोद चोपड़ा द्वारा निर्देशित 'मिशन कश्मीर' कश्मीर में आतंकवाद और इसके प्रभावों की कहानी है। फिल्म में एक पुलिस अधिकारी (संजय दत्त) और उसके दत्तक पुत्र (ऋतिक रोशन) के बीच की कहानी दिखाई गई है, जो आतंकवादी बन जाता है।

**मां तुझे सलाम (2002) :** टीनू वर्मा द्वारा निर्देशित 'मां तुझे सलाम' भारत-पाकिस्तान सीमा पर आतंकवाद और घुसपैठ की कहानी है। सनी देओल अभिनीत यह फिल्म एक सैनिक की कहानी बताती है, जो आतंकवादियों के खिलाफ लड़ता है। फिल्म में देशभक्ति और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई को जोर-शोर से दिखाया गया है।

**ब्लैक फ्राइडे (2004) :** अनुराग कश्यप द्वारा निर्देशित 'ब्लैक फ्राइडे' 1993 के मुंबई बम विस्फोटों पर आधारित है, जो दाऊद इब्राहिम और उसके सहयोगियों द्वारा अंजाम दिए गए थे। यह फिल्म हुसैन जैदी की किताब ब्लैक फ्राइडेः द ट्रू स्टोरी ऑफ द बॉम्बे बम ब्लास्ट्स पर आधारित है और आतंकवाद के पीछे की साजिश, जांच और



सामाजिक प्रभावों को गहराई से दिखाती है। फिल्म में पुलिस अधिकारी राकेश मारिया (के के मेनन) और आतंकवादी साजिश के किरदारों की कहानी को समानांतर रूप से दिखाया गया है।

**तहान (2008) :** संतोष सिवन द्वारा निर्देशित 'तहान' एक मासूम बच्चे तहान की कहानी है, जो कश्मीर के आतंकवाद प्रभावित माहौल में अपने पालतू गधे को वापस पाने की कोशिश करता है। यह फिल्म आतंकवाद के बीच मासूमियत, परिवार और सामुदायिक जीवन को दर्शाती है। यह कश्मीर की त्रासदी को भी सामने लाती है।

**जीरो डार्क थर्टी (2012) :** हॉलीवुड फिल्म 'जीरो डार्क थर्टी' अल-कायदा प्रमुख ओसामा बिन लादेन की तलाश और 2011 में उनकी हत्या पर आधारित है। यह फिल्म आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक लड़ाई और खुफिया एजेंसियों की भूमिका को दिखाती है। कैथरीन बिगेलो द्वारा निर्देशित इस फिल्म ने आतंकवाद के वैश्विक नेटवर्क को समझने में मदद की।



**होटल मुंबई (2018) :** ऑस्ट्रेलियाई-भारतीय सह-निर्माण 'होटल मुंबई' 2008 के मुंबई हमलों (26/11) पर आधारित है, जिसमें लश्कर-ए-तैयबा के आतंकवादियों ने ताज होटल, ओबेरॉय ट्राइडेंट और छत्रपति शिवाजी टर्मिनस जैसे स्थानों पर हमला किया था। फिल्म में देव पटेल और अरमान खान जैसे अभिनेताओं ने होटल स्टाफ और मेहमानों की बहादुरी को दर्शाया, जो आतंकवादियों के खिलाफ जीवटता से लड़े। यह फिल्म मानवीय संवेदनाओं, भय और साहस को उजागर करती है।

**टीवी मसाला**

## अब नेटफ्लिक्स पर खुलेंगे डब्ल्यूडब्ल्यूई के सारे राज

**नई दिल्ली।** क्या आपने कभी सोचा कि आपके पसंदीदा डब्ल्यूडब्ल्यूई सुपरस्टार्स की कहानियां कैसे लिखी जाती हैं? या फिर रिंग में होने वाली हरकतों के पीछे क्या राज छिपा होता है? अब इन सारे रहस्यों के राज ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर खुलने जा रहे हैं। नेटफ्लिक्स पर डब्ल्यूडब्ल्यूईः अनरियल आ रही है, यह सीरीज आपको उन स्क्रिप्ट मीटिंग्स में ले जाएगी, जहां आइकॉनिक स्टोरीलाइंस का जन्म होता है। साथ ही, उन भावनात्मक उतार-चढ़ाव को भी दिखाएगी, जो सुपरस्टार्स और क्रिएटिव टीम को एकजुट करते हैं या फिर आमने-सामने ला देते हैं। दुनिया की सबसे बड़ी स्पोर्ट्स एंटरटेनमेंट कंपनी डब्ल्यूडब्ल्यूई अब नेटफ्लिक्स पर अपनी अनकही कहानियों के साथ धमाल मचाने को तैयार है। 'डब्ल्यूडब्ल्यूईः अनरियल' पहली बार फैंस को रिंग के बाहर की दुनिया में ले जाएगी, जहां ड्रामा उतना ही मारक है जितना रिंग के अंदर। यह सीरीज डब्ल्यूडब्ल्यूई के उन अनदेखे पहलुओं को सामने लाएगी, जो अब तक पर्दे के पीछे छिपे थे। डब्ल्यूडब्ल्यूई के सुपरस्टार्स की जिंदगी सिर्फ चमक-दमक और ताकतवर मुकाबलों तक सीमित नहीं है।इस सीरीज में आपको उनके जुनून, आपसी टकराव और रचनात्मक संघर्ष देखने को मिलेंगे, जो हर हफ्ते फैंस के लिए रोमांचक स्टोरीलाइंस तैयार करते हैं। राइटर्स रूम में होने वाली गहन चर्चाओं से लेकर बैकस्टेज की तनावपूर्ण बातचीत तक, डब्ल्यूडब्ल्यूई। अनरियल में हर वो पल कैद होगा जो डब्ल्यूडब्ल्यूई को एक अनोखा मनोरंजन बनाता है।



### ओटीटी पर रिलीज हो रही है मैड स्क्वायर

**नई दिल्ली।** साउथ इंडियन फिल्मों के शौकीनों के लिए गुड न्यूज आई है। 2023 की सुपरहिट फिल्म 'मैड' का सीक्वल मैड स्क्वायर अब नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने जा रहा है। मैड स्क्वायर 25 अप्रैल को ओटीटी पर रिलीज होगी।



नेटफ्लिक्स इंडिया साउथ ने अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर इसकी घोषणा करते हुए कहा, 'लड़के दोगुने मस्ती के साथ वापस आ गए हैं! मैड स्क्वायर 25 अप्रैल को नेटफ्लिक्स पर तेलुगु, हिंदी, तमिल, कन्नड़ और मलयालम में देखें।' इस तरह साउथ की फिल्मों को हिंदी में देखने के शौकीन भी इसका भरपूर मजा उठा पाएंगे। ओटीटी प्लेटफॉर्म मैड स्क्वायर को कल्याण शंकर ने डायरेक्ट किया है और यह फिल्म तीन कॉलेज दोस्तों की मजेदार कहानी पर आधारित है।फिल्म में लड्डू और उसके दोस्तों की गोवा वेकेशन की कहानी दिखाई गई है, जो गैंगस्टर और एक चोरी हुए हार के कारण हास्यास्पद मिशन में बदल जाती है।



## शाह बानो पर अब बनने जा रही है फिल्म

**नई दिल्ली।** 1985 में सुप्रीम कोर्ट ने मोहम्मद अहमद खान बनाम शाह बानो बेगम के मामले में एक ऐतिहासिक फैसला सुनाया था जिसे अब 40 साल पूरे हो गए हैं। यह फैसला भारत के सबसे चर्चित और विवादास्पद न्यायिक फैसलों में से एक रहा है। यूनिफॉर्म सिविल कोड. वक्फ बोर्ड ट्रिपल तलाक. शाह बानो. ये सिर्फ सुर्खियां नहीं हैं। ये उस दौर की गूंज हैं जब अदालत का एक मामला जनमत का तूफान बन गया, देश की धर्मनिर की कसौटी बना, जिसने एक लंबी बहस को जन्म दियाः समानता बनाम पहचान. खबरें हैं कि शाह बानो केस और ऐसे अन्य मामलों से प्रेरित एक शक्तिशाली फीचर फिल्म बन रही है, जिसका निर्देशन सुपर्ण वर्मा कर रहे हैं। फिल्म में यामी गौतम और इमरान हाशमी मुख्य भूमिकाओं में हैं।



## एक एसएमएस जिसने बदल दी जिंदगी...

**नई दिल्ली।** 15 फरवरी 2008 को बॉलीवुड की आइकॉनिक फिल्म जोधा अकबर रिलीज हुई थी, जिसमें राजपूत राजकुमारी जोधा और मुगल सम्राट अकबर की कहानी को दिखाया गया था और लीड रोल में ऐश्वर्या राय और ऋतिक रोशन नजर आए थे। दोनों ने इस फिल्म में आईकॉनिक रोल प्ले किया था। साल 2008 में रिलीज हुई फिल्म जोधा अकबर में ऐश्वर्या राय ने आईकॉनिक रोल प्ले किया था, लेकिन बहुत कम लोग जानते हैं कि ऐश्वर्या राय को कास्ट करने के लिए फिल्म के डायरेक्टर आशुतोष गोवारिकर ने उन्हें एक एसएमएस भेजा था, जिसमें पूछा गया था क्या आप मेरी जोधा बनेंगी? इसके जवाब में ऐश्वर्या राय ने लिखा था हां मैं बनूंगी और उसके बाद एक स्माइली उन्हें सेंड की थी। यह फिल्म ऐश्वर्या राय की करियर की टॉप फिल्मों में से एक रही थी।

**हासिल किया ऑस्कर का स्पेशल अवॉर्ड**

# सत्यजीत रे की ये खासियतें उन्हें बनाती हैं सिनेमा का जीनियस...

**नई दिल्ली।** सत्यजीत रे, ये वो नाम है जिसे न सिर्फ भारतीय सिनेमा, बल्कि पूरी दुनिया की सिनेमा का जीनियस कहा जाता है। सत्यजीत रे की फिल्मों से आज भी लोग सीखते हैं और हॉलीवुड के निर्देशक भी सत्यजीत रे के निर्देशन के तरीकों को अपनी फिल्मों के निर्माण में इस्तेमाल करते हैं। भारतीय सिनेमा को एक अलग दृष्टिकोण देने वाले सत्यजीत रे को सिनेमा का चलता-फिरता इंस्टीट्यूट कहा जाता है। उन्होंने उस वक्त में अपनी फिल्मों में वह प्रयोग किए जो शायद आज 21वीं सदी में भी करने से निर्देशक घबराएं। सामाजिक मुद्दों से लेकर राजनीति और महिलाओं पर आधारित फिल्में बनाना रे की यूएसपी थी। सत्यजीत रे उस दौर में इतनी सटलता से पॉलिटिकल कमेंट्री कर जाते थे कि समझने वाले उसे समझ भी जाते थे और कोई शोर भी नहीं होता था। सत्यजीत रे वो निर्देशक थे जो सिनेमा को शब्दों से भी बड़ा हथियार मानते थे और इसीलिए वो अपनी फिल्मों के दृष्यों में डायलॉग से भी गंभीर बात कर जाते थे। यही वजह है कि आज भी उनकी फिल्में सिनेमा के छात्रों के लिए एक बेहतरीन गाइड का काम करती हैं।

### 'पाथेर पांचाली'से लोगों का बदल दिया नजरिया

सत्यजीत रे मशहूर निर्देशक होने के साथ-साथ महान लेखक, कलाकार, चित्रकार, फिल्म निर्माता, गीतकार और बुक कवर डिजाइनर व कॉस्ट्यूम डिजाइनर भी थे। सबसे हैरान करने वाली बात ये है कि सिनेमा का इंस्टीट्यूट कहे जाने वाले सत्यजीत रे ने खुद कहीं से भी फिल्म मेकिंग की शिक्षा नहीं ली थी। उन्होंने सिर्फ हॉलीवुड की फिल्में देख-देखकर ही सबकुछ सीखा और अपनी पहली फिल्म 'पाथेर पांचाली'से ही फिल्मों को लेकर लोगों का नजरिया बदल दिया। ये सत्यजीत रे के निर्देशन की काबिलियत और फिल्मों को लेकर उनकी अद्भुत सोच का ही नतीजा है कि उन्हें 'ऑस्कर ऑनरी अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया है। इस अवॉर्ड को जीतने वाले सत्यजीत रे अभी भी इकलौते भारतीय ही हैं। इसके अलावा सत्यजीत रे को दादा साहब फाल्के अवॉर्ड समेत रिकॉर्ड 37 नेशनल अवॉर्ड मिले हैं। 23 अप्रैल 1992 को इस दुनिया को अलविदा कहने वाले हिंदी सिनेमा के जादूगर सत्यजीत रे की आज 33वीं पुण्यतिथि है। इस मौके पर जानते हैं सत्यजीत रे के फिल्म निर्माण की वो बातें जो उन्हें बाकियों से अलग करती हैं और उन्हें सिनेमा का संस्थान बनाती हैं।



### सामाजिक विषयों व मुद्दों की बात करना

सत्यजीत रे की फिल्में सामाजिक मुद्दों पर बात करती हैं और अपनी कहानी के जरिए रे समाज की उन समस्याओं को उठाते थे, जिन्हें शायद उस समय के बाकी फिल्ममेकर उठाने की सोच भी नहीं सकते। इसका नमूना उन्होंने अपनी पहली ही फिल्म 'पाथेर पांचाली' में दे दिया था। इसके बाद भी उन्होंने जलसाघर, चारुलता, देवी और शतरंज के खिलाड़ी जैसी फिल्मों के जरिए सामाजिक मुद्दों को प्रमुखता से उठाया।

### मानवीय संवेदनाएं और संबंधों पर जोर

सत्यजीत रे की फिल्मों में मानवीय संवेदनाओं और रिश्तों की अहमियत की प्रमुखता देखने को मिलेगी। उन्होंने अपनी फिल्मों के माध्यम से प्रेम, दुख, आशा और निराशा जैसी भावनाओं को दर्शाया, जो दर्शकों को भावनात्मक रूप से जोड़ती हैं। साथ ही उन्होंने मानवीय रिश्ते और उनमें पैदा होने वाली जटिलताओं को भी बड़े ही सलीके से पेश किया है।

### महिला केंद्रित फिल्में और महिलाओं के दमदार किरदार

सत्यजीत रे ने 50 और 60 के दशक में महिलाओं पर आधारित फिल्में बनाईं और अपनी फिल्मों में महिलाओं के दमदार किरदार दिखाए। जिस वक्त में सिनेमा का मतलब हीरो और हीरो का मतलब पुरुष एक्टर होता था, उस दौर में सत्यजीत रे ने एक नहीं बल्कि कई फिल्मों में महिलाओं की कहानी और उनके संघर्ष को बखूबी दिखाया। जिस समय भारतीय फिल्मों में महिलाओं के लिए मौजूद विशिष्ट भूमिका या तो ग्लैमर व शारीरिक प्रदर्शन या आंखों को सुकून देने वाली होती थी, उस वक्त में रे ने इस परंपरा को तोड़ा। उन्होंने महिला किरदारों को मजबूती से पेश किया और उनके संघर्षों को दिखाया। इस फेहरिस्त में 'देवी', 'चारुलता', 'महानगर' और 'घरे बाइरे' जैसी उनकी फिल्में शामिल हैं।

## हमने तरक्की की है और भी गुंजाइश है : आमिर

*मुंबई। हिंदी सिनेमा पिछले कुछ वक्त से बुरे दौर से गुजर रहा है। बॉक्स ऑफिस पर हिट फिल्मों की तुलना में फ्लॉप फिल्में ज्यादा आ रही हैं। हिंदी सिनेमा के मुकाबले क्षेत्रीय फिल्में अच्छा कर रही हैं। इस पर मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर खान ने अपनी बात रखी है। आमिर खान ने कहा है कि हिंदी फिल्मों में सुधार की गुंजाइश है। आमिर खान ने हॉलीवुड रिपोर्टर इंडिया से बातचीत में कहा 'हम नहीं कहते कि हम बेहतर फिल्म निर्माता नहीं हो सकते। मेरे विचार से फिल्म निर्माता के तौर पर हमारे पास सुधार की बहुत गुंजाइश है। हमने कई इंडस्ट्रीज से सीखा है।' आमिर के मुताबिक अगर आप 70 और 80 के दशक की फिल्मों को देखें तो उसके बाद से फिल्में और बेहतर हुई हैं ऐसे में अगर मेहनत की जाए तो और बेहतर हो सकती हैं। आमिर ने कहा 'जब हम 1988 में आए थे तो उस वक्त फिल्मों की संख्या बहुत कम थी। उसके बाद से हमने तरक्की की है। 90 के दशक के बाद जब 2000 आया तो दर्शक बदल गए। वह बहुत खुले हुए और दूसरी तरह की सामग्री देखना चाहते थे।' आमिर से पूछा गया कि वह बॉलीवुड की मौजूदा हालत को बदलने के लिए क्या करना चाहते हैं? इस पर उन्होंने कहा 'मैं बस वही करना चाहता हूं जो मैं कर रहा हूं और वही कहानियां बताना चाहता हूं जिन पर मेरा यकीन है। मैं ऐसा व्यक्ति नहीं हूं जो अपने बारे में कोई बड़ी राय रखता हो कि मैं चीजों को बदल सकता हूं। मैंने कभी अपने बारे में ऐसी राय नहीं रखी।*



**खबर संक्षेप**

## मिनी वर्ग शतरंज चैम्पियनशिप का आयोजन 27 को

**जांजगीर-चांपा।** जिले में प्रतिभाशाली बाल खिलाड़ियों को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से जिला शतरंज संघ द्वारा मिनी वर्ग शतरंज चैम्पियनशिप 2025 का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता रविवार 27 अप्रैल को होटल हरियाली हेरिटेज, अकलतरा रोड जांजगीर में आयोजित की जाएगी। जिला शतरंज संघ अध्यक्ष देवेंद्र राठौर, उपाध्यक्ष देवेंद्र यादव सचिव गिरधर गोपाल ने बताया कि प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रातः 9 बजे से होगा, जबकि मैच प्रातः 10 बजे से प्रारंभ होंगे। पुरस्कार वितरण समारोह सायं 5:30 बजे से होगा। प्रतियोगिता में अंडर-9, अंडर- अंडर-13 आयु वर्ग के बालक एवं बालिकाएं भाग लेंगे। इस प्रतियोगिता केवल जिले के खिलाड़ी ही भाग लेने के पात्र होंगे । प्रवेश की अंतिम तिथि 25 अप्रैल शाम 6 बजे निर्धारित की गई है। प्रत्येक आयु वर्ग में बालक एवं बालिका वर्ग के प्रथम स्थान को ट्रॉफी, द्वितीय को ट्रॉफी तथा तृतीय स्थान को मोमेंटो प्रदान किया जाएगा। प्रतियोगिता में चयनित प्रत्येक आयुवर्ग से दो दो बालक बालिकाओं का चयन बेमेतरा में होने वाली राज्य स्तरीय मिनी चेस चैम्पियनशिप के लिए चयन किया जाएगा।

## पांच माह से वेतन का भुगतान नहीं होने पर कलेक्टर ऑफिस में की शिकायत

**गोधना।** आदर्श ग्राम गोधना के प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित गोधना पंजीयन क्रमांक 1032 में विक्रेता के पद पर कार्यरत कर्मचारी प्रमोद कुमार साहू ने समिति के प्राधिकृत अधिकारी पर 5 माह से वेतन रोकने का आरोप लगाया है। उन्होंने इसकी शिकायत कलेक्टर कार्यालय में की है वेतन नहीं मिलने के कारण प्रमोद की आर्थिक स्थिति खराब है। उन्होंने शिकायत पत्र में आरोप लगाया है कि प्राधिकृत अधिकारी ने 5 महीने वेतन देने के एवज में एक लाख रुपए की मांग की है। उक्त राशि नहीं देने पर समिति के प्राधिकृत अधिकारी ने प्रमोद साहू से को गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी है। प्राधिकृत अधिकारी ने इन आरोपों को बेबुनियाद और निराधार बताया है।

**निधन**

### श्रीमती प्रभा शुक्ला

**जांजगीर-चांपा।** ग्राम मिसदा की प्रतिष्ठित महिला श्रीमती प्रभा शुक्ला का आकस्मिक निधन बुधवार



23 अप्रैल को हो गया। उनका अंतिम संस्कार गुरुवार 24 अप्रैल को स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे अपने पीछे चार पुत्र राकेश शुक्ला, मुकेश शुक्ला, छन्नू शुक्ला, मुरली शुक्ला एवं एक पुत्री सहित नाती पोतों से भरापूरा परिवार छोड़ गई है। उनके अंतिम यात्रा में परिजन एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए।

### फिरंगी लाल पटेल

**डोंगाकोहरौद।** ग्राम पंचायत डोंगाकोहरौद के



प्रतिष्ठित नागरिक एवं सेवानिवृत्त मलेरिया वर्कर फिरंगी लाल पटेल का 82 वर्ष की आयु में 17 अप्रैल को निधन हो गया। वे अपने पीछे चार पुत्री, एक पुत्र हरीशंकर पटेल सहित भरापूरा परिवार छोड़ गए है। उनके अन्तिम यात्रा में परिजन, स्वजातीय बंधु एवं ग्रामवासी बड़ी संख्या में शामिल हुए।

### गोपाल प्रसाद स्वर्णकार

**चांपा।** स्थानीय स्वर्णकार समाज के प्रतिष्ठित नागरिक तथा भारतीय सेना से सेवानिवृत्त मेजर मारुति टाऊनशिप निवासी गोपाल प्रसाद स्वर्णकार



का बुधवार 23 अप्रैल को अपरान्ह 4.30 बजे उपचार के दौरान रायपुर स्थित एक निजी चिकित्सालय में निधन हो गया। वे 79 वर्ष के थे। स्व. स्वर्णकार अपने पीछे पत्नी समेत दो पुत्र एवं एक पुत्री का परिवार छोड़ गये है। उनका अंतिम संस्कार गुरुवार 24 अप्रैल को दोपहर 2 बजे मवेशी बाजार स्थित सार्वजनिक मुक्तिधाम में किया गया, जहां बड़ी संख्या में परिजन, सजातीय बंधुओं सहित गणमान्य नागरिक मौजूद थे। इस मौके पर दो मिनट का मौन धारण कर ईश्वर से मृतात्मा की शांति तथा शोक संतप्त परिवार को यह असीम दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की गई।

गर्मी में पीने के पानी के लिए करना पड़ रहा इंतजार, जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान

# नल-जल योजना ठप, महिलाएं हैंडपंप से पानी लाने मजबूर

हरिभूमि न्यूज ⏭ गोधना

सूरज की तपिश बढ़ने के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में जलसंकट गहराने लगा है। गांव में बने पानी टंकी सिर्फ दिखावा साबित हो रहा। ग्राम कुकदा में नल जल योजना पूरी तरह ठप हो चुका है। पानी की सप्लाई बंद होने के कारण महिलाएं हैंडपंप पर लाइन लगाकर पानी भरने मजबूर हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द ही नल जल योजना को सुचारु करने की मांग की है। उनका कहना है कि जल्द ही समाधान नहीं होने पर उग्र प्रदर्शन करेंगे।

गौरतलब है कि अप्रैल माह में पड़ रही गर्मी ने सभी को हलाकान कर दिया है। तापमान 44 डिग्री के करीब पहुंच गया है। गर्मी के प्रचंड मौसम में जहां लोगों को शुद्ध जल की जरूरत सबसे अधिक होती है, वहीं कुकदा गांव की नल जल योजना पूरी तरह ठप हो चुकी है। पानी की सप्लाई बंद होने के कारण महिलाएं हैंडपंप पर बर्तनों की लंबी लाइन लगाकर पानी भरने को मजबूर हैं। स्थानीय महिलाओं ने बताया कि पिछले कई महिनों से नल में पानी नहीं आ रहा है। शिकायतें कई बार पंचायत और संबंधित विभागों से की गईं, लेकिन कोई समाधान नहीं निकला। परिणामस्वरूप गांव की महिलाएं सुबह से ही बाल्टी, डिब्बा, गागर लेकर लाइन में लगती हैं और अपनी बारी का इंतजार करती हैं। गांव में जल आपूर्ति नहीं होने से न सिर्फ पीने के पानी की समस्या है, बल्कि पशुओं के लिए पानी, सफाई, और खाना पकाने में भी भारी दिक्कतें आ रही हैं। गर्मी के मौसम में यह संकट बीमारियों और संक्रमण को भी बढ़ा सकता है। गांववासियों ने प्रशासन से जल्द नल जल योजना को सुचारु करने की मांग की है। उनका कहना कि जल्द ही इस दिशा में पहल नहीं की गई तो आने वाले समय में ग्रामीण धरना-प्रदर्शन कर उग्र आंदोलन करेंगे।



नल जल योजना बंद होने से हैण्डपंप से पानी भरती महिलाएं।

## गर्मी में सूखने लगे तालाब, निस्तार की बढ़ी समस्या

भीषण गर्मी का असर अब ग्रामीण इलाकों में जल संकट के रूप में दिखने लगा है। जिले के नवागढ़ विकासखंड के अंतर्गत आने वाले गोधना, कुरियारी, कुकदा, रिंगनी, बेल्हा सहित दर्जन भर गांवों में तालाब सूख चुके हैं और हैंडपंपों ने भी पानी देना बंद कर दिया है। निस्तार और पीने के पानी की समस्या इतनी विकराल हो गई है कि ग्रामीणों को कई किलोमीटर दूर से पानी लाना पड़ रहा है। ग्रामीणों की मानें तो अप्रैल की शुरुआत से ही तालाबों का जलस्तर तेजी से गिरने लगा था। अब स्थिति यह हो गई है कि गोधना, रिंगनी और कुरियारी जैसे गांवों के प्रमुख तालाब पूरी तरह सूख चुके हैं। वहीं, अधिकांश हैंडपंपों से या तो पानी नहीं निकल रहा या उसमें मिट्टी और गंदगी के कारण पानी उपयोग के लायक नहीं है। कुकदा के निवासी शिव कुमार बताते हैं कि हर साल गर्मी के मौसम में हम पानी की किल्लत से जूझते हैं, लेकिन इस बार तो स्थिति और भी खराब हो गई है। तालाब सूख गए हैं और हैंडपंपों से भी पानी नहीं मिल रहा। वहीं कुरियारी की महिलाएं सुबह-सुबह ही बर्तन लेकर निकल जाती हैं ताकि किसी तरह थोड़ी बहुत पानी की व्यवस्था कर सकें। स्थानीय लोगों का कहना है कि उन्होंने कई बार जल आपूर्ति और टैंकर की मांग को लेकर प्रशासन को जानकारी दी, लेकिन अब तक कोई सुनवाई नहीं हुई है। न तो कोई वैकल्पिक व्यवस्था की गई है और न ही खराब हैंडपंपों की मरम्मत करवाई गई है। जल्द उपाय नहीं हुए तो हालात और बिगड़ सकते हैं। ग्रामीणों का मानना है कि अगर जल संरक्षण और वैकल्पिक आपूर्ति की दिशा में तत्काल कदम नहीं उठाए गए तो आने वाले महीनों में स्थिति और विकराल हो सकती है। ग्रामीणों को न केवल पीने के पानी के लिए बल्कि पशुओं के लिए भी पानी जुटाना मुश्किल हो रहा है। जब तक स्थायी समाधान नहीं निकलेगा, हर साल ग्रामीणों को ऐसी ही परेशानी से जूझना पड़ेगा।



## पीएम आवास के तहत 14 हजार हितग्राहियों के सर्वे का काम पूरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मालखरौदा

प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना 2.0 योजना के तहत छूटे हुए सभी पात्र हितग्राहियों को लाभ दिलाने सर्वे का काम चल रहा है। गुरुवार को सरपंच एवं उपसरंपच आवास मित्र के साथ ग्रामीणों के घर पहुंचे और अपने सामने आवास का जिओ टेक कराया।

राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस का आयोजन 24 अप्रैल को पंचायतो में किया गया तो दूसरी ओर ग्राम पंचायत बंदोरा के सरपंच नवधा राम लालू वर्मा व उपसरपंच द्वारा गांव में चल रहे प्रधानमंत्री आवास योजना के सर्वे का निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होंने मोर द्वार साय सरकार प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना 2.0 योजना का लाभ गांव के छूटे हुए सभी पात्र हितग्राहियों को मिले इसके लिए आज आवास मित्र सूरज कुमार के साथ ग्रामीणों के घर पहुंचे और अपने सामने आवास का




जिओ टेक कराया। साथ ही आवास मित्र को निर्देश दिया कि कोई भी पात्र हितग्राही ना छूटे तो ग्रामीणों से भी कहा कि किसी को भी सर्वे में पैसा नहीं देना है। साथ ही समय पर सभी का सर्वे पूरा करें ताकि प्रधानमंत्री जी के आवास योजना का लाभ सबको मिले जहां सर्वे के दौरान ग्रामीणों ने सरपंच को देखकर खुशी जाहिर किया और केंद्र तथा राज्य सरकार की सभी योजनाओं का लाभ दिलाने को कहा। बता दे मालखरौदा ब्लॉक में जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संदीप कश्यप से मिली जानकारी के अनुसार अभी तक प्रधानमंत्री आवास योजना के 14000 हितग्राहियों का सर्वे का कार्य पूरा कर लिया गया है।

## पीएम सूर्य घर योजना के अंतर्गत सौर ऊर्जा से बन रही है बिजली



**अकलतरा।** विकास खंड के ग्राम पंचायत तरोद के उपसरपंच व भाजपा युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष समित सिंह चंदेल ने पीएम सूर्य घर योजना से तीन किलो वाट सोलर पैनल लगवाने के लिए आवेदन किया था जिसको सीएसपीडीसीएल के अधिकृत वेंडर शारदा कंस्ट्रक्शन ने इंस्टॉल किया तरौद में अब तक तीन सोलर पैनल इंस्टॉल हो चुका है जिसका सिंक्रोनाइज विद्युत विभाग के एई भरत लाल जांगड़े ने किया। पीएम सूर्य घर के नोडल अधिकारी महेश जायसवाल ने बताया कि तरोद में कंज्यूमर पीएम सूर्य घर योजना का लाभ लेने के प्रति जागरूक है और आवेदनों की संख्या लगातार बढ़ रही है। इसी तरह लोगों में जागरूकता बढ़ेगी तो निश्चित रूप सौर ऊर्जा से विद्युत उत्पादन में जांजगीर जिला की अग्रणी भूमिका रहेगी। सिंक्रोनाइज कराने में शारदा कंस्ट्रक्शन के ऐश्वर्य सिंह ,मनीष गौरहा, गगन सिंह की अग्रणी भूमिका रही।

- छत के ऊपर बिजली उत्पादन में बढ़ रही लोगों की रुचि।

## युवा कांग्रेस ने पुतला जलाकर पाकिस्तान और आतंकवाद का किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादियों के कायराना हमले में हुए 27 बेकसूर नागरिकों की मौत के विरोध में जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष प्रिंस शर्मा के संयोजकत्व में नगर के कचहरी चौक में गुरुवार 24 अप्रैल को पाकिस्तान मूर्दाबाद, आतंकवाद मूर्दाबाद के नारों के साथ सैकड़ों की तादात में उपस्थित युवा कांग्रेसियों की उपस्थिति में पाकिस्तान और आतंकवाद के पुतले का दहन किया।

- पाकिस्तान और आतंकवादियों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही करने की मांग

पहलगाम में हुए आतंकी हमले में निर्दोष लोगों की मौत से पूरे देश को गहरा सदमा लगा है, लोग दुखी हैं। कांग्रेसजनों ने इस जघन्य और कायरतापूर्ण कृत्य की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए शोक संतृप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्माओं के लिए प्रार्थना करते हुए आश्वस्त किया कि इस त्रासदी की इस घड़ी में पूरा देश उन परिवारों के साथ खड़ा है। इस दौरान प्रमुख रूप से जिले के इंका नेता गुलजार सिंह, जिला कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष रमेश पैगवार, प्रदेश कांग्रेस सचिव हर प्रसाद साहू, जिला कांग्रेस उपाध्यक्षद्वय विवेक सिसोदिया व रफीक सिद्दिकी, रफीक खान, महामंत्री अजीत सिंह राणा, जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती सीमा राजू शर्मा, संयुक्त महामंत्री हेमलता राठौर, जिला कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष देवकुमार पाण्डेय, मिडिया प्रभारी परमेश्वर निर्मले, पवन कश्यप, अनिल राठौर, पार्षदगण विष्णु यादव, अरमान खान, देवराजसिंह चंदेल, श्रीमती रक्षाधीरज सिंह बैस, श्रीमती रेखा सोनवान, श्रीमती जगदीश्वरी रवि सूर्यवंशी, अक्षय टेकाम, विजय बंटी अग्रवाल, विधानसभा अध्यक्ष पंकज शुक्ला, राजा सिद्दिकी, भोलू यादव, एनएसयूआई अध्यक्ष आकाश तिवारी, बबला तिवारी, महेन्द्र कश्यप, अतिक कुरैशी, शांति साहू, दुष्यंत यादव, मिथुन राठौर, कुलदीप सिह, चन्द्रप्रकाश ओग्रे भाकु, आकाश सिंह, विजय सूर्यवंशी, गुड्डू पठान, राजा खान, मो. राज, रवि प्रकाश पाण्डेय, जितेन्द्र दिनकर, प्रीतम कश्यप, लखन यादव, सुमीत कश्यप, बलवीर सिंह, मुकेश केशी, मोहम्मद फरीद, हर्ष शुक्ला, कमलेश ताम्रकार, भानु प्रताप, विनोद सारथी सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।




जिला मुख्यालय जांजगीर के कचहरी चौक पर हाथों में तख्ती लेकर विरोध करते युवा कांग्रेसी।

## देशभर में एक साथ चुनाव कराने की आवश्यकता : डॉ. शर्मा

**जांजगीर-चांपा।** भाजपा नेता डॉ विनोद शर्मा ने देश भर में एक साथ चुनाव कराने की आवश्यकता को जायज ठहराया है। उन्होंने कहा कि पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश भर की समस्त पंचायत,जनपद पंचायत,जिला पंचायत,नगर पंचायत नगरपालिका नगर निगम सभी से अपील की है



आप सभी एक देश एक चुनाव का प्रस्ताव अपनी अपनी संस्था से पास करा कर राष्ट्रपति तक पहुंचाए जिससे सरकार व जनता का समय ,धन दोनों ही बचेगा जो राष्ट्र के हित व जनता के हित में काम आयेगा। बार बार या अलग अलग निर्वाचन चुनाव की प्रक्रिया के होने से धन की बर्बादी होती है। सुरक्षा के नाम सैनिकों की व्यस्था तथा आवागमन यातायात की व्यस्था सुलभ कराना, शासकीय कर्मचारी अधिकारी की ड्यूटी लगाना इन सभी पर अतिरिक्त धन व समय लगता है जिससे सरकार एवं जनता दोनों पर और अतिरिक्त बोझ बढ़ जाता है। भारत देश के जिम्मेदार नागरिक होने के नाते भी आप सभी को अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुवे अपनी ओर से भी पत्र लिख कर राष्ट्रपति महोदया तक पहुंचना चाहिए एक देश एक चुनाव के निर्वाचन संबंध की मांग रखना चाहिए।।

## भाजपा ने कैंडल जलाकर आतंकी हमले में मृत व्यक्तियों दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

भारतीय जनता पार्टी सक्ती ने पहलगाम में सैलानियों पर किए गए आतंकवादियों के द्वारा कायरता पूर्वक हत्या में मृतको को कैंडल जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की एवं मृतात्मा की शांति के लिए सभी ने मौन रखा। आतंकियों ने मंगलवार को पहलगाम में पर्यटकों पर गोलियां चलाई जिससे 26 लोगों की मौत हो गई। 20 लोग जख्मी हो गए।

इस हमले की जिम्मेदारी आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा ने ली है। आतंकी हमले में 26 मौतें हुई 20 से ज्यादा लोग घायल हैं। मरने वालों में एक यूएई और एक नेपाल का पर्यटक और 2 स्थानीय नागरिक शामिल हैं। बाकी पर्यटक यूपी, गुजरात, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, कर्नाटक, तमिलनाडु और ओडिशा के हैं। आतंकियों ने जिन दो विदेशी पर्यटकों को गोली मारी है, उनमे इजराइल-इटली के 2 टूरिस्ट मारे गए है। भारतीय जनता पार्टी सक्ती द्वारा निहत्थे मासूम लोगों की गोली मारकर हत्या करने वाले आतंकियों की घोर निंदा की। श्रद्धांजलि देने वालो में जिलाध्यक्ष टिकेश्वर गबेल, रामावतार अग्रवाल ऋषि गोयल अनूप अग्रवाल,राम नरेश यादव, अभिषेक शर्मा,पहलवान दास महंत, दीपक गुप्ता प्रेम पटेल, आयुष शर्मा,भारत यादव, अरुण शर्मा ,गेंदराम मनहर, गजेंद्र यादव, गोविंद देवांगन गोविन्दा निराला, दादू केवट, भुनेश्वर यादव, जगत शर्मा ,अंकित अग्रवाल, चिराग अग्रवाल, विनोद पांडे, रोशन राठौर लाखन नामदेव, सोमेश अग्रवाल, आदित्य सहित भारतीय जनतापार्टी जिला एवं मंडल के पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद रहे।



कैंडल जलाकर श्रद्धांजलि देते भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता।

## समर कैम्प में बच्चों को सिखाया गया कर्मा व सुआ नृत्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

ज्ञानोदय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जांजगीर में पन्द्रह दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया गया है। समर कैंप समन्वयक एवं प्राचार्य डॉ .सुरेश यादव, संयोजक मूलचंद साव एवं सहसंयोजक श्रीमती चंचला मिश्रा के निर्देशन में आयोजित हो रहा है। नृत्य विधा, प्रभारी प्रशिक्षक पुष्पेंद्र राजनाथ और प्रतिभा यादव के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ।

कार्यक्रम के प्रथम दिवस नृत्य के बारे में विस्तृ जानकारी दी गई। बच्चों को बताया गया कि नृत्य के माध्यम से किस प्रकार से शारीरिक, मानसिक और चरित्र विकास किया जाता है। शिक्षा का उद्देश्य बच्चों का सर्वांगीण विकास करना है। नृत्य के तहत बच्चों को दूसरे दिन स्टेप डांस सिखाया गया जिसमें बच्चों ने बड़े ही उत्साह के साथ भागीदारी की। कैंप के तृतीय एवं चतुर्थ दिवस कर्मा नृत्य, सुवा नृत्य का प्रशिक्षण दिया गया। बच्चों को अवगत कराया गया कि यह हमारी पारंपरिक नृत्य है। करमा पर्व भादो शुक्ल पक्ष एकादशी तिथि तथा सुवा छत्तीसगढ़ की आदिवासी संस्कृति का एक प्रमुख लोक नृत्य है। यह नृत्य मुख्य आदिवासी महिलाओं द्वारा किया जाता है ।




नृत्य प्रस्तुत करती छात्राएं।

## जीवन में निराश होने की बजाय निरंतर करें मेहनत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

डाइट जांजगीर में वार्षिकोत्सव कार्यकम अन्तर्गत खेल एवं सांस्कृतिक कार्यकम में प्रथम एवं द्वित्तीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्राध्यापकों को नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती रेखा गढेवाल ने पुरस्कार वितरण समारोह में प्रमाण पत्र एवं कप देकर सम्मानित किया।

- डाइट में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम

इस अवसर पर उन्होनें हार एवं जीत के अंतर को सामान्य बताते हुए छात्राध्यापकों को निरंतर मेहनत करने एवं जीवन में कभी निराश नहीं होने की बात कही। इस अवसर पर उपस्थित पूर्व पार्षद देवा गढेवाल ने वार्षिकोत्सव में आयोजित कार्यकम की सराहना की एवं विजयी प्रतिभागियो को बधाई दी। संस्थान के प्राचार्य बी.पी. साहू ने सभी छात्राध्यापकों की खेल प्रतिभा एवं सांस्कृतिक कार्यकम में किए गये प्रदर्शन को बेहतर बताया एवं जीवन में समूह में अपनी उपयोगिता के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यकम के प्रारंभ में स्वागत भाषण देते हुए व्याख्याता एवं कीडा प्रभारी संजय कुमार शर्मा ने बताया कि 10 अप्रैल को खेल प्रतियोगिता एवं 11 अप्रैल को सांस्कृतिक कार्यकम आयोजित किया गया था जिसमे 100 मी. दौड बैडमिंटन, वालीबाल, गर्ल्स किकेट टीम के बीच मुकाबला सांस्कृतिक कार्यकम अन्तर्गत समूह गीत, एकल गीत, नाटक, एकल नृत्य, समूह नृत्य निकेतन वार आयोजित किया गया। एकल नृत्य में प्रतिमा गंधर्व को प्रथम स्थान, दिव्य कौशिक को द्वितीय स्थान, बैडमिंटन बालक वर्ग में सुधीर चौबे एवं साथी का प्रथम स्थान एवं सौरभ दिवाकर एवं साथी को द्वितीय स्थान तथा बैडमिंटन बालिका वर्ग में राजश्री पटेल एव जागृति की युगल जोडी को प्रथम स्थान एवं अमृता खूटें एवं साथी को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। शिक्षाप्रद नाटक में इसदेव बचाओ अभियान को प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता बी. जायसवाल एवं आभार प्रदर्शन उपप्राचार्य एल.के. पाण्डेय द्वारा किया गया। इस अवसर पर डाइट जांजगीर के अकादिमक सदस्य एम.आर.चन्द्रा गोपेश साहू प्रतिमा साहू कल्याणी बोस, मिली सिंड क्षत्रिय उपस्थित रहीं। कार्यकम के अंत में अतिथियों द्वारा द्वितीय वर्ष के छात्राध्यापकों द्वारा कता शिक्षण अन्तर्गत तैयार किए कलाकृतियों का निरीक्षण किया।



कार्यक्रम में मंचस्थ अतिथि एवं पुरस्कार के साथ उपस्थित छात्राध्यापक।

